बरेली, गुरुवार
9 फरवरी, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

PAGE NO 04, MIDDLE

मुरादाबाद व एसआरएमएस की टीम ने जीता मैच

जासं, बरेलीः शकुंतला देवी टी-20 लीग में बुधवार को दो मैच खेले गए, जिनमें मुंबई इंडियंस के आर्यन जुयाल के साथ भारतीय युवा टीम के शिवम शर्मा ने अपनी टीम को जिताने के लिए ताकत झोंक दी। पहला मैच मुरादाबाद और गंगाशील अकेडमी के बीच हुआ।

मुरादाबाद के कप्तान आर्यन जुयान ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। गंगाशील को 110 रनों का लक्ष्य दिया, लेकिन गंगाशील की टीम 103 रन बनाकर आल आउट हो गई। मुरादाबाद की ओर से शिवम शर्मा ने 22 रन बनाए। इसके साथ ही सात ओवरों में तीन विकेट भी झटके। दूसरे मैच में एसआरएमएस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 144 रन बनाए। जवाब में एसजी स्पोर्टस 113 रन ही बना सका। एसआरएमएस ने 33 रनों से मैच जीत लिया। अनुज को मैन आफ द मैच दिया गया। मैदान में अरुणाचल प्रदेश के रणजी प्लेयर अनूप अहलावत, यूपी अंडर-19 के सत्यम चौहान, उड़ीसा अंडर-19 के रितिक चौहान व रोहित चौहान, अंडर-19 भारतीय युवा खिलाड़ी शिवम शर्मा आकर्षण का केंद्र रहे।